दिनांक 01 सितम्बर 2019 को केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों से संबंधित संक्षिप्त जानकारी

कार्यपालक निदेशक

श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष

श्री रजनीश कुमार, अपनी पदोन्नति से पूर्व, भारतीय स्टेट बैंक में राष्ट्रीय बैंकिंग समूह (एनबीजी) के प्रबंध निदेशक रह चुके हैं। एसबीआई में अपने 38 वर्ष से अधिक के करिअर के दौरान, उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किए हैं जिनमें प्रबंध निदेशक (अनुपालन एवं जोखिम) शामिल हैं। इससे पूर्व उन्होंने एसबीआई कैपिटल मार्केट्स के प्रमुख के रूप में कार्य किया है, जो एसबीआई समूह की एक निवेश बैंकिंग अनुषंगी है। उन्होंने मिड कॉरपोरेट ग्रुप और प्रोजेक्ट फाइनैंस जैसे बैंक के विभिन्न व्यवसाय समूहों में अनेक पदों पर भी कार्य किया है, वे एसबीआई के उत्तर-पूर्वी मंडल के मुख्य महाप्रबंधक भी रहे हैं। एसबीआई की विदेश स्थित संस्थापनाओं में, उन्होंने एसबीआई कनाडा और उसके बाद एसबीआई की यूके स्थित संस्थापनाओं के क्षेत्रीय प्रमुख की जिम्मेदारी भी संभाली है। श्री कुमार ने भौतिकी (फिजिक्स) से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है।

श्री प्रवीण कुमार गुप्ता, प्रबंध निदेशक (रिटेल एवं डिजिटल बैंकिंग)

श्री प्रवीण कुमार गुप्ता ने भारत और विदेश दोनों स्थानों पर बैंक में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इसमें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि., एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी के पदों पर कार्य करना भी शामिल है। उन्होंने भारत और विदेश, दोनों स्थानों पर विशेष रूप से बैंक के राजकोषीय कारोबार का भी संचालन किया है। वे बहरीन ऑफशोर बैंकिंग यूनिट और मिडल ईस्ट, वेस्ट एशिया एवं नार्थ अफ्रीका के क्षेत्रीय प्रमुख तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर भी पदस्थ रह चुके हैं। श्री गुप्ता ने बैंक के लंदन कार्यालय में भी कार्य किया है। इस समय वे रिटेल बैंकिंग एवं पैमेंट्स और बैंक की नवीनतम पहल डिजिटल बैंकिंग की भी देखरेख कर रहे हैं। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पहले, श्री गुप्ता बैंक में अनुपालन एवं जोखिम कार्यों के प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं।

श्री दिनेश कुमार खारा, प्रबंध निदेशक (ग्लोबल बैंकिंग एवं अनुषंगियां)

श्री दिनेश कुमार खारा को वाणिज्यिक बैंकिंग के सभी कार्यों का 33 वर्ष से अधिक का अनुभव है। श्री खारा, प्रबंध निदेशक के पद पर ग्लोबल मार्केट, कॉरपोरेट बैंकिंग और बैंक की गैर-बैंकिंग अनुषंगियों के व्यवसायों का पर्यवेक्षण संभाल रहे हैं। उन्होंने एफएमएस, नई दिल्ली से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है और वे वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं।

अरिजित बसु, प्रबंध निदेशक (वाणिज्यिक ग्राहक समूह एवं आईटी)

श्री अरिजित बसु प्रबंध निदेशक के रूप में कॉर्मशियल क्रेडिट एवं आईटी क्षेत्रों से संबंधित कार्यों का प्रबंध संभालते हैं। अर्थशास्त्र में स्नातक और इतिहास में एम.ए. की डिग्री के साथ, श्री बसु ने दिसंबर 1983 में एक प्रोबेशनरी अधिकारी के तौर पर बैंक में अपना करिअर शुरू किया। श्री बसु अगस्त 2014 से मार्च 2018 तक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे। उनके कार्यकाल के दौरान, इस कंपनी की अक्तूबर 2017 में स्टॉक एक्सचेंज लिस्टिंग हुई। अपने करिअर से पूर्व, श्री बसु एसबीआई में अनेक प्रमुख पदों पर कार्य कर चुके हैं। इनमें दिल्ली मंडल के मुख्य महाप्रबंधक और टोकियो में जापान स्थित संस्थापनाओं के क्षेत्रीय प्रमुख एवं सीईओ भी रहे हैं। उन्होंने कॉरपोरेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग और एचआर सहित बैंक के विभिन्न व्यवसाय समूहों में कार्य किया है। वे बैंक द्वारा शुरू की गई व्यवसाय प्रक्रिया पुनर्संरचना (बीपीआर) का भी पदभार संभाल चुके हैं।

<u>गैर - कार्यकारी निदेशक</u>

श्री संजीव मल्होत्रा
(जन्म दिनांक : 1 अक्तूबर 1951)

श्री मल्होत्रा 26 जून 2017 से 25 जून 2020 तक एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के तहत शेयरधारकों के निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किए गए हैं। वे एक सनदी लेखाकार हैं और उन्हें ग्लोबल बैंकिंग एवं वित्त में वरिष्ठ पदों पर 42 वर्ष का अनुभव है। इसमें जोखिम प्रबंधन, कॉरपोरेट और निवेश बैंकिंग, उपभोक्ता वित्त एवं सूक्ष्म उद्यम ऋणान्वयन, निजी ईक्विटी शामिल हैं।

श्री भास्कर प्रमाणिक
(जन्म दिनांक : 20 मार्च 1951)

श्री प्रमाणिक 26 जून 2017 से 25 जून 2020 तक एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के तहत शेयरधारकों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। वे आईआईटी, कानपुर से एक इंजीनियरिंग स्नातक हैं। श्री प्रमाणिक को भारतीय आईटी उद्योग का 45 वर्ष से अधिक का अनुभव है। बैंक के बोर्ड में नियुक्त होने से पूर्व, उन्होंने भारत में माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उन्होंने ओरेकल तथा सन माइक्रोसिस्टम्स के प्रबंध निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

श्री बसंत सेठ
(जन्म दिनांक : 16 फरवरी 1952)

श्री सेठ 26 जून 2017 से 25 जून 2020 तक एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के तहत शेयरधारकों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। वे एक सनदी लेखाकार हैं। श्री सेठ को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, कॉरपोरेट अभिशासन तथा प्रशासनिक मामलों सहित बैंकिंग एवं वित्त में 40 वर्ष से अधिक का अनुभव है। बैंक के बोर्ड में आने से पहले, वे केन्द्रीय सूचना आयुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं। वे सिंडिकेट बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं। उन्होंने सिडबी तथा बैंक ऑफ इंडिया में वरिष्ठ पदों पर भी कार्य किया है।

श्री बी. वेणुगोपाल, निदेशक
(जन्म दिनांक : 18 मई 1959)

श्री वेणुगोपाल 7 जून 2018 से 25 जून 2020 तक एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के तहत शेयरधारकों के निदेशक के रूप में निर्वाचित किए गए हैं। उन्होंने केरल विश्वविद्यालय से कॉमर्स एवं कॉस्ट अकाउंटेंसी में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उन्हें बीमा, वित्त और आईटी में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

डॉ. गिरीश कुमार आहूजा
(जन्म दिनांक : 29 मई 1946)

डॉ. गिरीश कुमार आहूजा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (डी) के तहत 28 जनवरी 2016 से केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। डॉ. आहूजा चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकादमिक सदस्य हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कराधान, संयुक्त उद्यम आदि में परामर्श का 46 वर्षों का अच्छा अनुभव है। प्रत्यक्ष करों में उन्हें विशेषज्ञता प्राप्त है। वे वित्तीय क्षेत्र सुधारों-पूँजी बाजार कुशलता तथा संविभाग निवेश में डॉक्टरेट हैं।

डॉ. पुष्पेन्द्र राय
(जन्म दिनांक : 02 जून 1953)

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (डी) के तहत 28 जनवरी 2016 से केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में कार्य का लगभग 38 वर्ष का अनुभव है।

वे 21 वर्षों से अधिक तक भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्य रहे। इस दौरान वे नीति निर्माण, कार्यक्रम और बजट की तैयारी, कार्यान्वयन कार्यनीतियों का निर्धारण, कार्यान्वयन की निगरानी, ग्रामीण और औद्योगिक विकास एजेंसियों जैसे अनेक प्रकार के संस्थानों के स्टाफ के निष्पादन का मूल्यांकन, बिजली उत्पादन और वितरण विभाग, पेट्रोलियम कंपनियों और बौद्धिक संपदा कार्यालयों से जुड़े रहे। उन्होंने यूएनडीपी/डब्ल्यूआइपीओ के राष्ट्रीय परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान की गवर्निंग कौंसिल के सदस्य, विदेशी निवेश उन्नयन परिषद् के सदस्य सचिव, राष्ट्रीय नवीकरण निधि के कार्यपालक निदेशक, डब्ल्यूटीओ/डब्ल्यूआइपीओ में राष्ट्रीय वार्ताकार और क्वालिटी कौंसिल ऑफ इंडिया के महासचिव के तौर पर भी कार्य किया है।

बाद में, डॉ. राय ने वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन, जिनेवा (संयुक्त राष्ट्र संघ) में 16 वर्ष तक कार्य किया। वहाँ तकनीकी सहयोग बढ़ाने, बौद्धिक संपदा के आर्थिक पहलुओं का उन्नयन और आस्ति सृजन, विकास एजेंडा प्रक्रिया का नेतृत्व और सिंगापुर में एशिया प्रशांत क्षेत्रीय कार्यालय की अध्यक्षता जैसे अनेक कार्य संपन्न किए।

डॉ. राय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से पीएच.डी. और हार्वर्ड विश्वविद्यालय तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। विश्व के विभिन्न भागों में उन्होंने अनेक व्याख्यान दिए हैं।

डॉ. पूर्णिमा गुप्ता
(जन्म दिनांक : 20 नवंबर 1949)

डॉ. पूर्णिमा गुप्ता भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (डी) के तहत 01 फरवरी 2018 से तीन वर्ष के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय में गणित की प्रोफेसर हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से गणित विषय में पीएचडी की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्याल में बीएससी (गणित) तथा एमए (गणित) दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उनका मुख्य योगदान "डोमिनेशन इन ग्राफ एण्ड हाइपर ग्राफ" सिद्धांत, ग्राफोडियल कवर्स तथा "पार्टिशन ग्राफ" के क्षेत्र में है।

श्री रवि मित्तल
(जन्म दिनांक : 13 सितम्बर 1961)

श्री रवि मित्तल भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (ई) के तहत 08 अगस्त 2019 से अगले आदेश तक केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। श्री रवि मित्तल भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग में विशेष सचिव हैं।

श्री चंदन सिन्हा
(जन्म दिनांक: 15 अगस्त 1957)

श्री चंदन सिन्हा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (एफ) के तहत आरबीआई की संस्तुति पर 28 सितंबर 2016 से अगले आदेश तक केंद्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। श्री चंदन सिन्हा सीएएफआरएएल, मुंबई में अपर निदेशक हैं।